प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 03.09.2024

- **दिनांक 02.09.2024 को थाना मंगलपुर क्षेत्रांतर्गत अभियुक्तों द्वारा 01 व्यक्ति के साथ मारपीट कर जाने से मारने की धमकी देने वाले 04 नफर अभियुक्तों को स्थानीय लोगों की सहायता से थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्तों के कब्जे से 02 अदद तमंचा (315 बोर व 12 बोर) 01 अदद हॉकी व 01 पंच बरामद किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी व अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 02.09.2024 को थाना मंगलपुर क्षेत्रान्तर्गत हुई घटना के संबंध में वादी श्री देवेश बाबू पुत्र श्री सियाराम निवासी ग्राम दशहरी थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना मंगलपुर पर मु0अ0सं0 219/2024 धारा 3(5)/109/352/351(3) बीएनएस व 3/25 आयुध अधिनियम बनाम 07 नफर अभियुक्तगण पंजीकृत किया गया। जिसमें पुलिस द्वारा स्थानीय लोगों की सहायता से अभियुक्तगण 1.विवेक कुमार पुत्र संजय कुमार प्रजापति निवासी ग्राम नोनारी थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात 2.भरत सिंह पुत्र राजू सिंह निवासी ग्राम परौंख थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात 3.कृष्णा सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह निवासी ग्राम परौंख थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात 4.दीपक सिंह पुत्र उदय प्रताप सिंह गौर निवासी ग्राम परौंख थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात को दिनांक 02.09.2024 को समय करीब 19.30 बजे ग्राम दशहरी तिराहा थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

घटना का विवरण- उल्लेखनीय है कि मुकदमा वादी श्री देवेश बाबू पुत्र सियाराम निवासी ग्राम दशहरी थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र में तहरीर किया कि दिनांक 02.09.2024 को वादी मुकदमा लगभग 07.30 बजे शाम को हवासपुर से घर आ रहा था जैसे ही वह तिराहे से गाँव के लिये उतरा तभी दो मोटर साइकिल से 05 व्यक्ति व दशहरी गांव के भूपेन्द्र सिंह व शैलेन्द्र सिंह पुत्रगण स्व0 गोविन्द सिंह निवासीगण दशहरी थाना मगंलपुर कानपुर देहात जो 04 दिन पूर्व हुये विवाद को लेकर बाहरी पाँचों व्यक्तियों के साथ मिलकर एक राय होकर जान से मारने की नियत से वादी मुकदमा पर हमला कर दिया । वादी के चिल्लाने पर गाँव के बहुत से लोग आवाज सुनकर उसे बचाने के लिये प्राइमरी स्कूल दशहरी के पास आये। भूपेन्द्र सिंह व उनका भाई शैलेन्द्र सिंह गाली-गलौज

व जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। गाँव के आये लोगों द्वारा अन्य 05 व्यक्तियों में से 04 व्यक्तियों को पकड लिया गया जिनका नाम 1.विवेक कुमार पुत्र संजय कुमार प्रजापति निवासी ग्राम नोनारी थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात 2.भरत सिंह पुत्र राजू सिंह 3.कृष्णा सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह 4.दीपक सिंह पुत्र उदय प्रताप सिंह गौर निवासीगण ग्राम परौंख थाना मगंलपुर जनपद कानपुर देहात है। पकडे गये अभियुक्तगण के पास से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद तंमचा 12 बोर व 01 अदद हॉकी व 01 पंच बरामद हुआ। पकडे गये 04 व्यक्तियों से पाँचवे व्यक्ति के बारे मे पूछा गया तो उसका नाम अकिंत चौहान पुत्र नवल सिंह चौहान निवासी नोनारी थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात बताया जो मौके फायदा उठाकर भा गया। वादी से प्राप्त प्रार्थना पत्र व बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 219/2024 धारा 3(5)/109/352/351(3) बीएनएस व 3/25 आयुध अधिनियम बनाम 07 नफर अभियुक्तगण पंजीकृत किया गया है। शेष अभियुक्तगण के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1.विवेक कुमार पुत्र संजय कुमार प्रजापति निवासी ग्राम नोनारी थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात।
2.भरत सिंह पुत्र राजू सिंह निवासी ग्राम परौंख थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।
3.कृष्णा सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह निवासी ग्राम परौंख थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।
4.दीपक सिंह पुत्र उदय प्रताप सिंह गौर निवासी ग्राम परौंख थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

अभियुक्त दीपक का आपराधिक इतिहास

1.मु0अ0स0 148/2021 धारा 323/504/506/452/354क भा0द0वि0 थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात

गिरफ्तार करने वाली थाना मंगलपुर पुलिस टीम-

1.उ0नि0 श्री अरविंद अग्रवाल
2.उ0नि0 श्री कौशल कुमार
3.हे0का0 कुलदीप कुमार
4.का0 दिग्विजय सिंह
5.का0 सुमित कुमार